सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 84 | इंदौर, शनिवार 30 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. 2000 Note Last Date: 2000 के नोट बदलने की आज आखिरी तारीख
2. Delhi: राजधानी में एनआईए की छापेमारी, तीन आईएसआईएस आतंकियों की तलाश
3. Khalistan: खालिस्तान विवाद के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने सिख समुदाय को लेकर कही बड़ी बात, कनाडा को दिखाया आईना
4. Bihar News: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले के कारण पुलिसकर्मियों ने रोकी एंबुलेंस, घंटे भर तड़पता रहा मासूम
5. Nitin Gadkari: वोट देना है तो दो, लेकिन...!', केंद्रीय मंत्री गडकरी ने लोकसभा चुनाव को लेकर कही बड़ी बात
6. पंजाब में रेल रोको आंदोलन का तीसरा दिन: मांगों के लिए किसानों का धरना जारी, यात्रियों की परेशानियां भी
7. Cauvery Row: उलझता जा रहा कावेरी जल विवाद, सुप्रीम कोर्ट और CWMA से पुनर्विचार की अपील करेगी कर्नाटक सरकार

### दुष्कर्म का शिकार बच्ची से मिलने पहुंचे कमलनाथ, बोले-

# उज्जैन जैसी घटनाएं प्रदेश को कलंकित करती है



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। उज्जैन में हुए दुष्कर्म की पीड़िता को उपचार के लिए इंदौर में भर्ती किया गया है। शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ बालिका से मिलने एमटीएच अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डाक्टरों से बालिका के स्वास्थ्य की जानकारी ली और वे करीब 15 मिनट तक अस्पताल में रुके।**

नाथ ने मीडिया से चर्चा में कहा कि बालिका की हालत ठीक है, लेकिन मानसिक तौर पर वह हादसे को भूल नहीं पाई है। मनोरोग विशेषज्ञ उसका इलाज कर रहे है। उज्जैन जैसी घटनाएं प्रदेश को कलंकित करती है।इस तरह की घटनाएं रोज होती है और ज्यादातर सामने नहीं आती है।

मैने डाक्टरों से पूछा कि क्या बच्ची को दिल्ली शिफ्ट करने की जरुरत है तो मैने दिल्ली के अस्पतालों में बात कर रखी है,लेकिन डाक्टरों ने कहा कि बच्ची की हालत ठीक हो रही है। नाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश महिला अपराध ही नहीं भ्रष्टाचार में भी नंबर वन है। मध्य प्रदेश को एक घोटाला परिवार बना दिया गया है।

### ◆ राहुल के साथ जाएंगे कालीपिपल की सभा में

कमल नाथ शुक्रवार रात को भी इंदौर पहुंचे गए थे। वे रात को कंडिलपुरा में खदान में डूबे बच्चों के परिजनों से मिलने भी पहुंचे। नाथ शनिवार को कालीपिपल में होने वाली सभा में शामिल होने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ जाएंगे। राहुल इंदौर आकर हेलीकाप्टर से सभा स्थल पर जाएंगे।

# इंदौर-मुंबई के बीच रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेन

### 1 अक्टूबर से होगा संचालन,यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लिया निर्णय

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। इंदौर-मुंबई रूट पर चलने वाली ट्रेनों में वेटिंग को देखते हुए रेलवे ने इस रूट पर 1 अक्टूबर से स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन के संचालन को लेकर रेलवे ने आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिए हैं। आगामी 2 अक्टूबर तक छुट्टियां हैं, ऐसे में मुंबई रूट पर भीड़ बढेगी जिसके चलते रेलवे ने ये निर्णय लिया है।



रेलवे जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि मुंबई सेंट्रल एंव लक्ष्मीबाई स्टेश्न के बीच विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया गया है। 1 अक्टूबर को इंदौर से 09054 लक्ष्मीबाई नगर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन शाम 4.50 बजे रवाना होगी जो अगले दिन सुबह 5.20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इससे पहले शनिवार को मुंबई सेट्रल से 09505& मुंबई सेंट्रल-ल्क्ष्मीबाई नगर स्पेशल ट्रेन रात 9.&5 बजे रवाना होगी यह ट्रेन रतलाम मंडल के दाहोद,रतलाम,उ ैन और देवास होते हुए सुबह 11 बजे लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पहुंचेगी।

# हर दिन सात लाख यात्री कर सकेंगे मेट्रो ट्रेन में सफर, तीन साल बाद होगा संचालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तीन साल में मेट्रो के निर्माण का लक्ष्य रखा है। उसके बाद यात्री भी सफर कर सकेंगे। इंदौर में 25 मेट्रो ट्रेन चलेगी। एक ट्रेन में तीन कोच होंगे। हर कोच में तीन सौ यात्री सफर कर सकते है। एक ट्रेन की क्षमता 900 यात्रियों को लाने ले जाने की होगी।**

इंदौर में मेट्रो ट्रेन का सपना पूरा होने जा रहा है। 30 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में मेट्रो का ट्रायल रन होगा। छह किलोमीटर लंबे मेट्रो कोरिडोर में ट्रायल रन के दौरान मुख्यमंत्री शहरवासियों का अभिवादन करेंगे। गांधी नगर मेट्रो स्टेशन पर इसके लिए शनिवार को एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है, जो शाम पांच बजे शुरू होगा। छह किलोमीटर लंबे प्रायरिटी कॉरिडोर के ट्रायल रन के बाद मेट्रो कार्पोरेशन का फोकस गांधी नगर से रेडिसन होटल तक 17 किलोमीटर के हिस्से का निर्माण पूरा करने पर होगा। अगले साल 17 किलोमीटर का ट्रायल रन तय किया गया है। फिलहाल सयाजी चौराहा, एमआआर-10 ब्रिज पर कॉरिडोर के दोनो सिरे नहीं जुड़ पाए है और स्टेशनों का काम भी अधूरा है।



## तीन साल बाद यात्री कर सकेंगे सफर

मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बताया कि तीन साल में हमने मेट्रो के निर्माण का लक्ष्य रखा है। उसके बाद यात्री भी सफर कर सकेंगे। सिंह ने बताया कि इंदौर में 25 मेट्रो ट्रेन चलेगी। एक ट्रेन में तीन कोच होंगे। हर कोच में तीन सौ यात्री सफर कर सकते है। एक ट्रेन की क्षमता 900 यात्रियों को लाने ले जाने की होगी। दिनभर में मेट्रो ट्रेन में सात लाख लोग सफर कर सकेंगे। मेट्रो का किराया भी कम ही रहेगा, ताकि लोग आसानी से सफर कर सके। नाथ मंदिर रोड से बड़ा गणपति तक अंडरग्राउंड मेट्रो की लाइन बिछाई जाना है। इसके टेंडर भी अक्टूबर माह में जारी हो जाएंगे। अंडरग्राउंड रुट का सर्वे पूरा हो चुका है। हाईकोर्ट परिसर में इसके लिए बडा और गहरा गड्ढा खोदा जाएगा। इंदौर में 31 किलोमीटर लंबे रुट का निर्माण हो रहा है। भविष्य में इसे पीथमपुर और उज्जैन तक भी चलाया जाएगा। इसके लिए भी सरकार सर्वे करा रही है।

## महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया के पुण्य स्मरण में आज जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र की 100 महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के लिये सिलाई मशीन का वितरण किया। मशीन मिलने के बाद इन महिलाओं का उत्साह देखने लायक थे। मशीन मिलने से इन महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनने में मदद मिलेगी और ये महिलायें अपनी दैनिक आवश्यकताओं, बच्चों की शिक्षा आदि जरूरतों की पूर्ति कर सकेंगी। मशीन मिलने के बाद महिलाओं द्वारा राज्य शासन को धन्यवाद दिया।

# इंदौर-1 में प्रत्याशी घोषित होने के बाद चुनावी सियासत तेज

## इंदौर-1 में विकास नहीं, सिर्फ भोजन-भंडारे हुए, इसमें तो हमारी पीएचडी है : विजयवर्गीय

### इतने बड़े नेता थे तो 3 नंबर से क्यों नहीं लड़े- शुक्ला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर-1 में प्रत्याशी घोषित होने के बाद चुनावी सियासत तेज हो गई है। भाजपा महासचिव और प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने नाम लिए बगैर इंदौर-1 के विधायक संजय शुक्ला पर निशाना साधा।**

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर-1 में 5 साल में भोजन-भंडारे तो बहुत हुए हैं लेकिन इसमें तो हमारी पीएचडी है। इधर, इसके जवाब में इंदौर-1 से कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने कहा कि विजयवर्गीय कुछ भी बोलते रहते हैं। यदि इतने बड़े नेता हैं तो तीन नंबर छोड़कर यहां क्यों आना पड़ा, लड़ते वहीं से। दरअसल, टिकट होने के बाद से ही विजयवर्गीय इंदौर-1 में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच रहे हैं। चर्चा में विजयवर्गीय ने कहा कि देश में मोदी जी, प्रदेश में शिवराज जी और इंदौर में हमारे महापौर जी विकास का काम कर रहे हैं। हम सब मिलकर अब इस 1 नंबर विधानसभा में भी विकास करेंगे। पिछले 5 सालों से विकास रुक गया था। भोजन भंडारे जरूर हो रहे हैं, लेकिन भोजन भंडारे में तो हमारी पीएचडी है। हमारा मुकाबला कौन करेगा। बुधवार को कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर-1 में सड़कों का लोकार्पण करने के दौरान सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदारों से कहा कि सड़क कब तक बना दोगे। इस पर ठेकेदार बोले कि हम दो माह में बना देंगे। जिस पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इसका मतलब तो यह है कि चुनाव के बाद सड़क तैयार होगी। इसलिए आप लोग यह सड़क 15 नवंबर तक तैयार करो। मैं 15 नवंबर को इसका लोकार्पण करने आऊंगा। वहीं आप लोग एक बात और ध्यान रखना कि जो भी सड़क बनाओ क्वालिटी वाली बनाना। विजयगर्वीय ने ठेकेदारों से कहा कि तुमसे कोई चंदा मांगने नहीं आएगा। हम चुनाव वुनाव लड़ते हैं तो किसी ठेकेदार से चंदा नहीं मांगते हैं। आराम से काम करो, अच्छा काम करो और क्वालिटी का काम करो। वहीं इस पूरे मामले को लेकर इंदौर 1 के विधायक संजय शुक्ला बोले कि कैलाश विजयवर्गीय तो कुछ भी बोलते रहते हैं। वह कभी बोलते हैं कि मेरे कार्यकर्ता कुत्ते हैं, कभी बोलते है कि मैं बड़ा नेता हो गया हूं, लोगों के बीच हाथ जोड़ने नहीं जाऊंगा। वे बोल रहे हैं कि भोजन भंडारे में तो हमारी पीएचडी है तो बताए कि उन्होंने इंदौर-1 में भोजन भंडारे कब कराए। वह अगर इतने बड़े नेता हैं तो अपने बेटे की सीट से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे। मैं इंदौर-1 की जनता का बेटा हूं।

### वैश्य समाज का टिकट काटा तो वैश्य को ही उतारा भी

सूत्रों के मुताबिक जातिगत समीकरण का ध्यान भी पार्टी ने रखा है। वैश्य समाज के सुदर्शन गुप्ता का टिकट काटा तो समाज के ही कैलाश विजयवर्गीय को टिकट दिया। 1 नंबर विधानसभा से पूर्व भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अमरदीप मौर्य, टीनू जैन, गोलू शुक्ला, उषा ठाकुर, सौगात मिश्रा आदि भी दावेदारी जता रहे थे। लेकिन पार्टी ने सभी नामों को दरकिनार कर कैलाश को मैदान में उतार दिया।

# मालवांचल में संझा के माण्डनों का अंकन...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हर वर्ष श्राद्ध पक्ष के सोलह दिनों तक मालवांचल में संझा के माण्डनों का अंकन होता है। कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना में संझा के माण्डने घर के आंगन की दिवार पर माण्डती है ओर उसे प्रत्येक दिन, क्रमवार सजाती है। गोबर को दीवार पर लिपकर उसके ऊपर अंकन किए जाते हैं। मान्यता है कि संझा केवल 16 वर्ष ही जीवित रही। इस दौरान उसने जहां अपना बचपन मायके में हंसी-ठिठोली के साथ बड़े आराम से बिताया वहीं ससुराल में उसे कष्ट रहा। कष्ट को सहन न कर पाने के चलते वह मृत्यु को प्राप्त हुई। उसी की याद में कालांतर में संझा के माण्डने 16 दिनों तक श्राद्ध पक्ष में माण्डे जाते हैं।यदि बुजुर्गों की बात की जाए तो उनके भी जो बुजुर्ग रहे, उन्होंने भी यही बताया कि यह एक परंपरा है, जिसके माध्यम से कुंवारी कन्या 16 दिन में यह जान जाती है कि पीहर और ससुराल में क्या अंतर होता है। विवाह के मायने क्या होते हैं। विवाह बाद ससुराल में किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उस समय गंभीर, धैर्यवान रहकर कैसे समय को टाला जा सकता है। संझा के गीतों के माध्यम से बताया जाता है कि वह अपने भाईयों से नहीं मिलने का दुःख चांद, सूरज को भाई बनाकर, उनसे बात करके कम करती है। वहीं पनिहारिनों के साथ बतियाकर अपनी पीड़ा व्यक्त करती है।

## कटाक्ष




# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, 5 अक्टूबर तक पंजीयन होगा

**इंदौर।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिये पंजीयन के लिए किसानों द्वारा स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर, ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समिति पर निःशुल्क पंजीयन तथा एमपीऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों पर निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर 50 रुपये का शुल्क जमा करवाकर 05 अक्टूबर 2023 तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक धान का पंजीयन करवा सकते हैं।

बताया गया कि सिकमी, बटाईदार एवं वनपट्टावारी किसानों के पंजीयन सहकारी समिति सहकारी विपणन सहकारी संस्था के केन्द्रों पर किये जायेंगे। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा। जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। पंजीयन के लिये आधार नम्बर का वेरिफिकेशन उससे लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जायेगा। किसान के परिवार में जिन सदस्यों के नाम भूमि होगी वे सभी अपना पृथक - पृथक पंजीयन करायेंगे। किसान की भूमि यदि अन्य जिले में है तो उस जिले में पंजीयन कराया जायेगा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर भूमि होने पर एक ही केन्द्र पर सभी भूमियों का पंजीयन होगा।

ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एमपी किसान एप पर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, निजी वयक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर किया जाएगा। उन्होंने कृषकों से अपील है कि 05 अक्टूबर 2023 तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कराये। निर्धारित समयावधि के पश्चात पंजीयन किया जाना संभव नहीं होगा।

# शिवाजी महाराज और आदिवासी संस्कृति पर बनी झांकियों ने मन मोह लिया, अखाड़ा और आदिवासी नृत्य की सभी ने की तारीफ

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इदौर। अनंत चतुर्दशी के 100 वे वर्ष पर शहर मे रतजगा रहा। झिलमिल रोशनी मे नहाई झाकियो ने जहां एक ओर सभी का मन मोह लिया वही अखाड़ों के करतब ने प्रभावित किया। देर रात तक चली इस इंदौरी परंपरा का निर्वहन मिल मजदूरों ने तो किया ही वही इस बार म.प्र युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ.निशांत खरे के प्रयास से संस्था योगेश्वर द्वारा भी दो झांकियों का निर्माण किया गया था।**

प्रथम झांकी हिंदवी स्वराज के पर्याय छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350वें वर्ष पर आधारित थी। इस झांकी को लेकर संपूर्ण झांकी मार्ग पर लोगों के बीच उत्साह का माहौल नजर आया वही दूसरी झांकी में जल, जंगल, जमीन के रक्षक आदिवासी समुदाय का श्रम, उनकी विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों को बखूबी प्रदर्शित किया गया था। यह प्रथम ही प्रयास था जिसमे झांकियों के कारवा मे आदिवासी संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया। इस झाकी के साथ ढोल मांदल बजाते आदिवासी और नृत्य व भजन करती मडलिया चल रही थी जो की संपूर्ण मार्ग मे आकर्षण का केंद्र बनी रही। वही झांकी के साथ चल रहे अखाड़ों के करतबो ने सभी को प्रभावित किया।





आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

### मध्यप्रदेश में सीएम का एक और बड़ा ऐलान

# हर परिवार के एक सदस्य को दूंगा रोजगार : शिवराज सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अलिराजपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को एक और बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उनकी अगुवाई वाली भाजपा सरकार हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार प्रदान करेगी ताकि किसी को रोजी-रोटी के लिए पलायन ना करना पड़े। रोजगार चाहे सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से, चाहे हमारे उधम क्रांति योजना के माध्यम से, चाहे सरकारी नौकरी से या स्वरोजगार के माध्यम से हो हमारी सरकार हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार देने का काम करेगी।



सीएम शिवराज ने अलीराजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- मेरे भाइयों-बहनों मध्य प्रदेश की माटी की पूजा और तुम्हारी सेवा के लिए मुख्यमंत्री बना हूं। आपकी जिंदगी बदलने के लिए दिन-रात काम करता हूं, यदि आपकी जिंदगी में बेहतरी आ गई तो समझिए मेरी जिंदगी भी सफल हो गई। मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हो गया कि मैं अपनी बहनों के लिए कुछ कर पाया, अपने भाइयों के लिए कुछ कर पाया, अपने बेटे बेटियों के लिए कुछ कर पाया।

मुख्यमंत्री ने कहा- चुनाव के समय कांग्रेसी केवल लोभ-लालच देंगे, लेकिन हम जो कहते हैं, वो करते हैं। जनता की जिंदगी को बदलना ही मेरी जिंदगी का लक्ष्य है। अगली बार फिर सरकार बनने पर हम हर परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार देंगे। अलीराजपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने 905 करोड़ रुपये की लागत वाली 'अलीराजपुर सिंचाई परियोजना' का लोकार्पण करने के साथ ही क्षेत्रवासियों को विकास की कई सौगातें दीं।

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासी बहुल अलिराजपुर जिले के ग्राम उमराली में 905 करोड रुपये की लागत वाली नर्मदा उद्वहन सिंचाई माईक्रो परियोजना का बटन दबाकर लोकापर्ण किया। उन्होंने कहा कि आलिराजपुर में नर्मदा का जल हर घर और खेत तक पहुंचेगा। साथ ही 167 गांवों को इस परियोजना से सिंचाई में लाभ मिलने लगेगा। शीघ्र ही नर्मदा के जल की आपूर्ति हर घर में नल कनेक्शन से दी जाएगी। भाजपा की अगली सरकार बनने पर यहां कृषि महाविद्यालय भी खोला जाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कमलनाथ की सरकार थी तो वह पैसे के लिये रोया करते थे, जिसके चलते उन्होंने कई योजनाएं बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी आदिवासियों का भला नहीं कर सकती है। एक बार फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाइये किसी भी प्रकार की कोई कमी मामा नहीं होने देगा। अलीराजपुर के जितने भी खेत हैं, मामा वहां पाइप लाइन बिछवा कर खेतों में पानी पहुंचाएगा।

# पीएम मोदी के आठवें दौरे से दो दिन पहले राहुल गांधी प्रदेश में पहली बार भरेंगे हुंकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** चुनाव का काउन डाउन शुरू होने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों ने मध्य प्रदेश में अपने दौरे तेज कर दिए है। शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एमपी के दौरे पर रहेंगे। राहुल यहां मालवा क्षेत्र में निकाली जा रही जीतू पटवारी की जन आक्रोश यात्रा में शामिल होंगे और इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। कालापीपल से कांग्रेस के कुणाल चौधरी विधायक है। राहुल गांधी का विधानसभा चुनाव अभियान में प्रदेश का पहला दौरा है। इससे पहले राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश आए थे। रैली में राहुल गांधी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी सुबह 10.30 बजे इंदौर पहुंचेंगे। राहुल गांधी को रिसीव करने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शुक्रवार रात ही इंदौर पहुंचेंगे। शनिवार को राहुल गांधी इंदौर से हेलीकॉप्टर से सीधे कमलनाथ के साथ कालापीपल जाएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश के सात दौरे हो चुके है। दो अक्टूबर को ग्वालियर में उनका आठवां दौरा होंगा।



### जनसभा की तैयारी पूरी

राहुल गांधी की जनसभा की कालापीपल में तैयारी पूरी हो गई है। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा और विधायक कुणाल चौधरी जनसभा के आयोजन को मोर्चा संभाले हुए हैं। राहुल गांधी के पर्सनल सिक्योरिटी देखने वाले बी बायजू भी कालापीपल पहुंचें और उन्होंने सुरक्षा के इंतजाम देखें।

### ओबीसी वोटरों को साधने की रणनीति

राहुल गांधी अपने पहले दौरे पर ओबीसी वोटरों को साधने को लेकर बात कर सकते हैं। दरअसल भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार के साथ पार्टी प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का मुद्दा भुनाने की रणनीति पर काम कर रही है। राहुल गांधी ओबीसी महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण देने और जातीय गणना को लेकर अपनी बात रख सकती है। बता दें प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के समय भी ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उछाला गया था। कांग्रेस ने सरकारी नौकरी में ओबीसी वर्ग का आरक्षण बढ़ा कर 27 प्रतिशत किया था, लेकिन अब यह कोर्ट में लंबित है। प्रदेश में 51 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग की है, जिसका 125 विधानसभा सीटों पर सीधा दखल है। ओबीसी वर्ग से 100 के करीब विधायक विधानसभा पहुंचते है।

# चंबल में करना था गणेश प्रतिमाओं को प्रवाहमान, ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे में मिलीं, कांग्रेसी भड़के

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन जिले के नागदा में भगवान गणेश प्रतिमाओं की दुर्दशा देखने को मिली। गणेश प्रतिमाओं को चंबल नदी में प्रवाहित न करते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे में फेंकने का मामला सामने आया है। इससे भड़के कांग्रेस पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। निगम इंजीनियर से बहस हुई, पुलिस को दखल देना पड़ा। आखिरकार गणेश प्रतिमाएं चंबल में विसर्जित की गईं।**

मामला नागदा का है। नगर पालिका में अधिकारियों की लापरवाही के चलते कर्मचारियों ने गणेश प्रतिमाओं को चंबल नदी में प्रवाहित न करते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे में फेंक दिया। इस बात की जानकारी जब कांग्रेस के पार्षद विशाल गुर्जर को लगी तो वे सभी कांग्रेस पार्षदों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे और कचरे के ढेर में से लगभग 50 से अधिक गणेश प्रतिमाओं को निकाला।

ट्रेंचिंग ग्राउंड के कर्मचारियों ने मामले की जानकारी इंजीनियर निलेश पंचोली को दे दी। आनन फानन में पंचोली स्वच्छता निरीक्षक कन्हैयालाल चौहान, कुशल घोलुपेर, पवन भाटी के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पंचोली ने कांग्रेस पार्षदों को गणेश प्रतिमाएं ले जाने से मना किया, जिसको लेकर इंजीनियर और कांग्रेस पार्षदों में तीखी बहस हुई, मामला विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधे जायसवाल तक जा पहुंचा।

इसी दौरान कांग्रेस के बुलावे पर पहुंचे ऑटो चालक गणेश प्रतिमाओं को लेकर जाने लगे तो पंचोली ने ऑटो चालक पर दबाव बनाया। कांग्रेस पार्षदों ने आपत्ति दर्ज कराई तो दोनों में लंबी बहस हो गई। बाद में पंचोली और कांग्रेस पार्षदों के बीच संयुक्त रूप से गणेश प्रतिमाओं को चंबल नदी में प्रवाहित करने पर सहमति बनी, लेकिन कर्मचारियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के फाटक को बंद कर दिया, जिसके बाद पार्षद मेघा धवन ने फाटक खोला। विवाद बढ़ता देख बिरलाग्राम पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कांग्रेस पार्षद कचरे में पड़ी गणेश प्रतिमाओं को संग्रहित कर ऑटो से चंबल नदी पहुंचे और प्रवाहित की। इस दौरान पार्षद प्रमोदसिंह चौहान, राजकुमार राठौर, वासुदेव चौहान, आसिफ हुसैन, भय्यु कबाड़ी आदि मौजूद रहे।



## संपादकीय

### मानवीय मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती रही हैं वे

एक परम्परागत भारतीय स्त्री को जिन मानवीय मूल्यों के साथ देखा जाता रहा है, हिन्दी फिल्मों में वहीदा रहमान स्त्री के उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। वे एक नायाब नायिका, जिन्होंने पांच दशकों तक यादगार एवं अविस्मरणीय भूमिकाओं को निभाते हुए हिन्दी सिनेमा को न केवल उच्च शिखर दिये बल्कि मनोरंजन के अनेक दरवाजों को खोला। इस महान अदाकार को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय भारत सरकार ने ऐसे समय में लिया है, जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वन्दन अधिनियम संसद में पारित किया गया है। वहीदा रहमान करोड़ो दर्शकों पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी यादगार एवं संवेदनशील भूमिकाओं से विचरण करती रही है। जिनका अभिनय, प्रेम की तरह मन के एक सुरक्षित कोने में संजोया जा सकता है। वे दर्शकों के मन में इस तरह पैठ गयी है कि मन का वजन पहले से कई गुणा भारी हो उठता है। उनकी मोहक छवि, भंगिमाएं, नृत्य की बारीकियां दर्शकों को एकबारगी जड़ कर देती है। तब पर्दे पर यह विलक्षण एवं अद्भुत नायिका, प्रकृति की सबसे सुन्दर कृति के रूप में नजर आती रही है। उन्होंने अपने प्रभावशाली अभिनय से असंख्य दर्शकों का जो स्नेह-सम्मान पाया है, वह अद्भुत है, आज तक उनके अभिनय की गहनता को कोई अभिनेत्री छू नहीं सकी है। अपने अभिनय कौशल से किरदारों को संवेदनशील और अदम्य गरिमा प्रदान करने वाली वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय ऊंची पसन्द के दिलों को गौरवान्वित करने की घटना है। निश्चित ही यह एक सुखद संयोग है कि देश जब हरदिल अजीज अभिनेता देव आनंद की जन्मशती मना रहा है, उसी दौरान उनकी कालजयी फिल्म गाइड की नायिका वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा का शिखर सम्मान की घोषणा की गई। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि वहीदा रहमान और देव साहब की जोड़ी रूपहले परदे पर लंबे समय तक छाई रही। दोनों ने सात फिल्में साथ-साथ की थीं, जिनमें से पांच जबर्दस्त हिट रहीं। वहीदा रहमान की शख्सियत का सबसे आकर्षक पहलू यह है कि फिल्मी कॅरियर की शुरुआत से लेकर अब तक उन्होंने अपनी शर्तों पर ही काम किया और इसमें उनकी परवरिश का बड़ा योगदान रहा। बचपन में जब वह भारत नाट्यम सीख रही थीं, उनके जिला मजिस्ट्रेट पिता से किसी रिश्तेदार ने शिकायती अंदाज में कहा था, मुसलमान होकर बेटी को नचाओगे? तरक्की पसंद पिता का जवाब था, कला कोई बुरी चीज नहीं होती, इंसान की सोच बुरी होती है। वहीदा रहमान की अदाओं का हिन्दी फिल्मों के बड़े पर्दे के दर्शक तो कायल रहे ही हैं, लेकिन तेलुगु, तमिल और बंगाली फिल्मों के दर्शकों पर भी उन्होंने राज किया है।

### स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

# पुष्प के बदले शरण



एक बार की बात है, जब गौतम बुद्ध जी मगध राज्य के एक गांव में ठहरे हुए थे। गांव से थोड़ा बाहर एक मोची अपने परिवार के साथ रहता था। उस मोची के घर के पास एक तालाब था। एक दिन रोज की तरह सुबह मोची तालाब किनारे पानी लेने गया। वहां उसने तालाब में एक बहुत ही अद्भुत पुष्प देखा। वह पुष्प देखने में बहुत ही सुंदर था, और चमत्कारिक भी प्रतीत हो रहा था।

मोची ने तुरंत ही अपनी पत्नी को बुलाया और वह पुष्प उसे दिखाया। मोची की पत्नी आध्यात्मिक और धर्म में आस्था रखने वाली थी। वह पुष्प को देखते ही समझ गयी कि जरूर कल यहां से गौतम बुद्ध जी गुजरे होंगे, उन्हीं के प्रताप से यह पुष्प खिला है।

पुष्प को चमत्कारिक मान कर मोची ने एक योजना बनाई। उसने अपनी योजना के बारे में पत्नी को बताया कि वह इस पुष्प को राजा को देगा और उनसे खूब सारी स्वर्ण मुद्राएं लेगा। उसकी पत्नी ने भी सोचा कि यह पुष्प उनके किसी काम का नहीं है। इसे राजा को ही दे दो, कम से कम कुछ कमाई तो होगी।

पत्नी की सहमति के बाद, मोची राजमहल की ओर निकल गया। राजमहल के रास्ते में उसे एक व्यापारी मिलता है, मोची के हाथ में पुष्प देख कर वह रुक जाता है। वह मोची से पूछता है कि भाई ये पुष्प ले कर कहाँ जा रहे हो?

मोची कहता है कि मैं यह पुष्प ले कर राजा के पास जा रहा हूं। इसे राजा को भेंट कर के मैं राजा से मुंह मांगा इनाम लूंगा।

व्यापारी ने मोची को प्रस्ताव दिया कि तुम ये पुष्प मुझे दे दो बदले में, मैं तुम्हे 100 स्वर्ण मुद्राएं दूंगा। मोची सोच में पड़ गया। उसने सोचा कि जब व्यापारी इस पुष्प के लिए 100 स्वर्ण मुद्राएं दे रहा है, तो राजा तो और ज्यादा देगा। यही सोचते हुए उसने व्यापारी को पुष्प देने से मना कर दिया।

थोड़ा आगे चला ही था कि उसे रास्ते में राजा आते हुए नजर आए जो गौतम बुद्ध के दर्शन के लिए जा रहे थे। राजा भी मोची के हाथ में वो दिव्य पुष्प देख कर अचंभित हो गये। राजा ने मोची को पुष्प के बदले 1000 स्वर्ण मुद्राएं देने के लिए कहा। यह सुनते ही मोची के मन में एक अजीब सी चेतना आई। और वह राजा को पुष्प न देकर दोड़ता हुआ सीधे महात्मा बुद्ध के पास जा पहुंचा।

महात्मा बुद्ध जी मोची को देख कर हैरत में पड़ गये। उन्होंने मोची से पूछा तो मोची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद मोची ने वह पुष्प महात्मा गौतम बुद्ध के चरणों में अर्पित किया और उनसे कहा कि पहले तो मेरे मन में पुष्प को देखकर लालच आ गया था। लेकिन अब मैं समझ गया हूं कि जिसकी छाया पड़ने से ही एक पुष्प इतना दिव्य हो गया हो उसकी शरण में, मैं चला जाऊ तो मेरा जीवन भी धन्य हो जायेगा। इसके बाद वह आजीवन महात्मा गौतम बुद्ध का शिष्य बन कर रहा।

#### कहानी से सीख

इस कहानी ने हमें सिखाया कि हमारी जिंदगी में हमें बहुत से चीजें अपनी तरफ आकर्षित करती हैं, लेकिन हमें उनके लालच में न फंसकर अपने ज्ञान का प्रयोग करके जीवन में सही राह को चुनना चाहिए।

# राजा और तोता

एक समय की बात है, किसी एक राज्य में हरिशंकर नाम का राजा राज करता था। उस राजा के तीन बेटे थे। उसकी ख्वाहिश थी कि वह उसका सबसे काबिल बेटा उसकी राजगद्दी संभाले, लेकिन वह इस बात लेकर संशय में था कि तीनों में से किसे वह अपना राजपाट सौंपे।

एक दिन राजा को एक तरकीब सूझी। उसने उसी समय अपने तीनों बेटों को बुलाया और कहा, "बेटे! आज मैं तुम सब से एक सवाल पूछता हूं, अगर तुम लोगों के सामने एक गुनेगार खड़ा हो तो खड़ा हो तो तुम उसके साथ क्या करोगे?"

इस पर राजा के पहले बेटे ने कहा, "उस अपराधी को सजाए मौत दी जानी चाहिए। "

वहीं, दूसरे बेटे ने कहा, " गुनेगार को कालकोठरी में बांध देना चाहिए। "

जबकि तीसरे बेटे ने कहा, " पिताजी, हमें उसे सजा देने से पहले इस बात की जांच करनी चाहिए कि उसने सही में अपराध किया है या नहीं ।"

इसपर राजा के तीसरे बेटे ने सभी को एक कहानी सुनाई। एक राजा था, जिसके पास एक बुद्धिमान तोता था। एक बार उस तोता ने महराज से कहा, " मुझे अपने माता और पिताजी के पास जाना है।" राजा ने उसकी बात नहीं मानी, लेकिन तोता ने हार नहीं मानी। वह लगातार महराज से जिद् करने लगा कि मुझे माता-पिता के पास जाने दें। अंत में राजा ने तोता की बात मान ली और कहा, "ठीक है तुम अपने माता-पिता से मिलकर आओ, लेकिन वहां ज्यादा दिन नहीं रूकना। " राजा ने तोता को केवल पांच दिन की अनुमती दी और कहा, तुम पांच दिन में अपने परिवार वालों से मिलकर लौट आना।

इसके बाज तोता पांच दिन के लिए अपने माता-पिता के पास चला गया। छठे दिन जब वह राजा के पास लौट रहा था तो उसने सोचा कि क्यों न वह मराज के लिए कुछ उपहार ले लिया जाए। फिर वह पर्वत कि ओर निकल पड़ा। दरअसल, वह महराज के लिए अमृत फल लेना चाहता था। वहां पहुंचते-पहुंचते रात हो गई। तोता ने पर्वत पर पहुंच कर



फल तो ले लिया, लेकिन रात हो जाने के कारण वह आगे नहीं बढ़ा और वहीं रूक गया।

उस रात जब तोता सो रहा था तभी एक सांप वहां आया और उसने राजा के लिए गए अमृत फल को खाने लगा। सांप ने फल को खाया इस कारण उस फल में जहर फैल गया था। हालांकि, तोते को इस बात की भनक तक नहीं थी। अगली सुबह जब वह जगा तो फल लेकर महल की ओर चल पड़ा।

जब वह महत पहुंचा तो खुशी-खुशी सीधे राजा के पास गया और कहा, " महराज मैं आपके लिए यह अमृत फल लेकर आया हूं। आप इसे खाएंगे तो सदा के लिए अमर हो जाएंगे।" यह सुनकर राजा काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने तुरंत उस अमृत फल को खाने के लिए मांगा। इस पर एक मंत्री ने कहा, " जरा रुकिए महराज, आप इस फल को बिना जांच किए कैसे खा सकते हैं। एक बार यद देख तो लीजिए कि तोता द्वारा लाया गया यह अमृत फल सही है या नहीं।"

राजा उस मंत्री की बात से सहमत हुआ और कहा कि तुरंत इस फल को एक कुत्ते को खिलाया जाए। राजा का आदेश पाकर सैनिक ने फल का एक टुकड़ा कुत्ते को खिलाया। फल खाते ही कुत्ते की मौत हो गई। यह देख राजा गुस्से से आग बबूला हो गया। उसने क्रोध में आकर तलवार से तोता के सिर को काट दिया। साथ ही फल को फेंकवा दिया।

कुछ साल बाद ठीक उसी स्थान पर एक पौधा निकल आया। यह देख राजा को लगा कि यह उसी जहरीले फल का पौधा है। उसने सभी को आदेश दिया कि उस पेड़ का फल कोई नहीं खाएगा।

कुछ दिन बाद एक वृद्ध व्यक्ति उस पेड़ के नीचे आराम करने के लिए रूका। उसे भूख भी काफी जोर से लगी थी। उसने उसी पेड़ से फल तोड़ा और खाने लगा। फल खाने के बाद वह बूढ़ा व्यक्ति एक दम से जवान हो गया। राज ने जब यह देखा तो वह आश्चर्यचकित रह गया। उसे समझ आ गया कि वह फल जहरीला नहीं था। उससे पबहुत बड़ी गलती हो गई। उसने बिना सच्चाई जाने तोता को मार दिया। इसे लेकर उसे काफी पछतावा भी हुआ। इसके लिए वह मन ही मन खुद को कोसने लगा।

इधर, तीसरे राजकुमार की कहानी खत्म होने के बाद राजा हरिशंकर ने उसे ही अपना उतराधिकारी नियुक्त किया। इसके बाद राज्य में जश्न मनाया गया।

#### कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें कभी भी बिना जांच किए किसी को सजा नहीं देनी चाहिए।

New Delhi

# दिल्ली की सबसे बड़ी चोरी: ज्वेलरी शोरूम में 20 घंटे रहा सुपर चोर, कोल्ड ड्रिंक से चलाया काम; इस तरह की वारदात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश भर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने वाला हाईप्रोफाइल चोर लोकेश श्रीवास उर्फ गोलू का चोरी करने का तरीका भी अनोखा है। वह आराम से वारदात को अंजाम देता है। चोरी की वारदात करने से पहले वह घंटों भूखा रहता है।

दिल्ली के उमराव सिंह ज्वेलर्स में वारदात के दौरान वह 20 घंटे भूखा रहा था। निजामुद्दीन के जंगपुरा में स्थित उमराव सिंह ज्वेलरी शोरूम में उसने कोल्ड ड्रिंक पीकर 20 घंटे निकाले। आरोपी लोकेश वारदात करने से पहले पूरी तरह रेकी करता है और लोगों से पूरी जानकारी लेता है। आरोपी महंगी कारों का शौकीन है। इसके पास से थार कार बरामद की गई है।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तेलंगाना में इसने जो 40 किलो सोना चुराया था उस दौरान वह वहां



इमारत में 24 घंटे भूखा रहा था। वह तसल्ली के कई घंटों तक वारदात को अंजाम देता है। वह घटनास्थल पर किसी तरह के सबूत छोड़कर नहीं जाता है।

इस पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह रविवार की सुबह यानी 24 सितंबर को सुबह जंगपुरा में शोरूम की रैकी करने गया था। यहां पर ये कई घंटे रहा था। इसके बाद वह कहीं चला गया। रात के समय वह शोरूम के बाहर किसी व्यक्ति से बात करता है। इसके बाद शोरूम में अंदर चला गया।

दिल्ली पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अंदर जाकर इसने सीसीटीवी तोड़ दिए थे। इसके बाद इसने स्ट्रॉंग रूम काटा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार लोकेश रविवार रात करीब 11.45 में उमराव सिंह शोरूम में घुसा था।

इसके बाद वह सोमवार शाम करीब 7.30 बजे शोरूम से निकल रहा था। इस दौरान उसने कुछ भी खाया-पीया नहीं। उसे शोरूम में रखे फ्रीज में कोल्ड ड्रिंक मिल गई थी।

Uttarakhand

## उत्तराखंड: 15 बंदरों की मौत से इलाके में मचा हड़कंप, मुंह-कान से निकल रहा था खून

**देहरादून, (एजेंसी)उत्तराखंड के मणीमाई मंदिर के पास जंगल में 15 बंदरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इन बंदरों को जहर देकर मारा गया है. क्योंकि बंदरों के नाक और मुंह से खून निकल रहा था. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची. बंदरों के शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की.**

इस मामले पर एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि वन विभाग की तरफ से दी गई तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. इस मामले को सुलझाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस ने संयुक्त टीम बनाई है.

बताया जा रहा है कि सभी बंदर इस जंगल के नहीं हैं. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इन्हें कहीं दूसरी जगह से लाकर यहां फेंका गया है. इसलिए पुलिस हरिद्वार रोड पर स्थित टोल प्लाजा सहित अन्य जगहों के CCTV भी खंगाल रही है. पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 428 के तहत हत्या का केस दर्ज किया है.

Uttarpradesh

## हैंडपंप से पानी की जगह निकलने लगी शराब... हत्था चलाते दिखे पुलिस अधिकारी

**ललितपुर,, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में पानी की जगह हैंडपंप से शराब निकली है. यहां पुलिस अधिकारी हत्था चलाते दिखे. इस पूरे मामले का वीडियो सामने आया है. दरअसल, आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के ठिकानों पर छापा मारा था. टीम ने जब जांच की तो पता चला कि जमीन के अंदर कच्ची शराब को छुपाया गया है. इसके बाद पुलिस ने हैंडपंप के सहारे शराब को निकाला. जानकारी के अनुसार, यह मामला सदर कोतवाली के घटवार ग्राम के कबूतरा डेरा का है. यहां आबकारी विभाग की टीम ने सूचना मिलने के बाद छापा मारने पहुंची थी. इस दौरान टीम ने मौके से 220 लीटर कच्ची शराब बरामद की, वहीं दो लोगों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने 2 हजार किलोग्राम लहान भी नष्ट की.

Jharkhand

## रांची पुलिस का शिकंजा, 35 लाख लूटने वाले 6 अपराधी 20 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार

**रांची, (एजेंसी)** डेली मार्केट थाना क्षेत्र में 35 लाख रुपए लूट मामले का पुलिस टीम ने खुलासा किया है। डेली मार्केट थाना पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले संगठित आपराधिक गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने उनके पास से लूटे गए रुपयों में से 20.10 लाख रुपए, एक कार, 15 मोटरसाइकिल, दो स्कूटी, छह मोबाइल फोन, दो वॉकी-टॉकी और चार बैंक वाउचर बरामद किए हैं। पुलिस के हत्थे चढ़े अपराधियों में हरमू रोड के गाड़ीखाना का श्याम सुंदर जालान, धीरज जालान, न्यू किशोरगंज के रोड नंबर चार का हर्ष गुप्ता उर्फ निशु गुप्ता, गुमला के डीएसपी रोड का सचित साहू उर्फ डीके, हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र के सिरका जीएम ऑफिस शिव मंदिर कॉलोनी का अरुण कुमार भुईयां और टाटीसिलवे के सिलवे मानकीढापा का सुनील कुमार महतो शामिल हैं। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को डेली मार्केट थाना परिसर में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार धीरज जालान के खिलाफ कोतवाली, डोरंडा, गोंदा, सुखदेवनगर, लालपुर, चुटिया समेत रांची एवं दूसरे जिले के विभिन्न थाना में 24 मामले दर्ज हैं।

खेल

# आज शूटिंग में मिला देश को पहला पदक, सरबजोत-दिव्या ने जीता रजत, भारत के कुल 34 पदक

**हांगझोउ, (एजेंसी)** एशियाई खेलों का आज सातवां दिन है। छह दिन में भारत की झोली में कुल 33 पदक आ चुके हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन भारत को पांच, दूसरे दिन छह, तीसरे दिन तीन, चौथे दिन आठ, पांचवें दिन तीन और छठे दिन आठ पदक मिले। सातवें दिन भारत को एथलेटिक्स और शूटिंग में पदक मिल सकते हैं।

भारत को आज के दिन का पहला मेडल शूटिंग में मिला है। सरबजोत और दिव्या की जोड़ी ने मिश्रित वर्ग में रजत पदक जीता है। फाइनल में भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन अंत में चीनी निशानेबाजों को मात नहीं दे सकी। चीन ने 16-14 के अंतर से मैच अपने नाम किया।




इस प्रतियोगिता में शूटिंग में यह भारत के लिए आठवां रजत पदक है। सरबजोत ने अपने जन्मदिन पर रजत पदक जीतकर देश को तोहफा दिया है। आयोजकों ने उनके लिए हैप्पी बर्थडे गाया भी बजाया।

टेबल टेनिस में भारतीय पुरुष जोड़ी मानव ठक्कर और मानुष शाह को हार का सामना करना पड़ा है। कोरियाई जोड़ी ने भारत को 3-2 के अंतर से हराया।

डेरियस चेनाई और जोरावर संधू ने अपनी पहली सीरीज में परफेक्ट 25 का स्कोर बनाया है। पृथ्वीराज टोंडिमन ने 24 का स्कोर हासिल किया। मुकाबले में अभी सभी निशानेबाजों को लंबा रास्ता तय करना है। यह आयोजन के चरण 1 की पहली सीरीज है।

अजय कुमार सरोज 1500 मीटर हीट में 3:51.93 के साथ दूसरे स्थान पर रहे और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। जिन्सन जॉनसन भी 1500 मीटर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

जेसविन एल्ड्रिन ने 7.67 की दूरी हासिक की और फाइनल में जगह बनाई। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने पहले प्रयास में ही 7.97 मीटर की दूरी हासिल की और 7.90 का आंकड़ा पार कर फाइनल में जगह बनाई।

सिनेमा

## एक्ट्रेस अमीषा पटेल को फिर आना होगा रांची, चेक बाउंस मामले में दर्ज होगा बयान; कोर्ट ने दी ये डेट



चेक बाउंस मामले में आरोपी अभिनेत्री अमीषा पटेल का बयान 16 अक्तूबर को दर्ज किया जाएगा। बयान दर्ज कराने के लिए अमीषा पटेल को व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहना होगा। शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में चेक बाउंस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल के अधिवक्ता ने शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह का जिरह की। जिरह पूरी होने के बाद प्रार्थी के वकील विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने मामले में गवाही बंद करने का अनुरोध किया। इस पर अदालत ने गवाही बंद करते हुए मामले में आरोपियों के बयान दर्ज करने की तारीख 16 अक्तूबर निर्धारित की। उस दिन मामले की आरोपी अमीषा पटेल एवं कुणाल ग्रूमर का बयान अदालत में दर्ज होगा। इससे पूर्व अमीषा पटेल के वकील ने अजय कुमार सिंह से उसके द्वारा दर्ज कराए गए मामले को लेकर जिरह की। इसका जवाब उन्होंने दिया। फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने दो करोड़ रुपए लिए थे। वापसी के लिए जो चेक दिया गया वह बाउंस कर गया।

## Highlights

1. Mumbai to get underground tunnel between Marine Drive & Eastern Freeway
2. Will take care of 12-yr-old rape survivor's treatment & education: Ujjain policeman
3. Will take care of 12-yr-old rape survivor's treatment & education: Ujjain policeman
4. Indian envoy to UK stopped from entering Scotland gurudwara by pro-Khalistan supporters

# Plada Infotech IPO opens for subscriptions. Check GMP, price band, closing date




**NEW DElHI, (Agency).** Business Process Outsourcing (BPO) services firm Plata Infotech Services Limited on Friday opened its initial public offering (IPO) for subscription. The company aims to raise ₹12.36 crore through the IPO and the shares will be listed on NSE EMERGE platform. The issue is available till September 5 for subscription.

Shailesh Kumar Damani, Chairman and Managing Director of Plada Infotech Services Limited, told ANI, "I am immensely proud to witness this moment in Plada Infotech Services Limited's journey as we announce our Initial Public Offering. This significant step underscores our sustained commitment to innovation, growth, and delivering exceptional value to our clients. Over the years, we've embraced challenges, adapted to changes, and consistently delivered beyond expectations.

IPO share size

As mentioned earlier, the company is aiming to raise ₹12.36 crore from the proceeds from the sale of IPO.

Plada Infotech IPO price

The IPO's price band has been fixed at ₹48 per share.

Plada Infotech IPO GMP

According to the website topsharebrokers.com, the share of Plada Infotech were trading at ₹18 in the grey market. The shares are expected to be listed on the stock markets on October 13.

A grey market premium (GPM) is the price at which IPO shares are sold in the grey market prior to their stock exchange listing

As per company statement, the net proceeds from the IPO will be utilized for funding working capital requirements, purchase of laptops and accessories for IT development, repayment and / or prepayment, in part or in full, of certain outstanding loans, and for general corporate purposes.

# Vedanta to demerge its five key businesses into separate listed firms

**NEW DElHI, (Agency).** Mining conglomerate Vedanta Ltd on Friday announced plans to demerge five of its key businesses, including aluminium, oil and gas, and steel, into separate listed entities with a view to create shareholder value.

"The de-merger is planned to be a simple vertical split, for every 1 share of Vedanta Limited, the shareholders will additionally receive 1 share




of each of the 5 newly listed companies," the firm said in a stock exchange filing.

We're now on WhatsApp. Click to join. The Board of Vendata Ltd approved "a pure-play, asset-owner business model" that will result in aluminium, oil and gas, power, steel and ferrous materials, and base metals being demerged and listed separately.

Vedanta Ltd will continue to hold 65 per cent of Hindustan Zinc Ltd as well as the new businesses of stainless steel and semiconductor/display.

The entire exercise is proposed to be completed in 12-15 months.

# युवक की हत्या कर तालाब में फेंका शव

## घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की, मृतक का कुछ लोगों से हुआ था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। द्वारकापुरी इलाके में रहने वाले युवक के साथ मारपीट के बाद संदेहास्पद तरीके से उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची । यहां पुलिस ने तालाब से शव बरामद कर लिया और शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामला द्वारकापुरी इलाके के सिरपुर तालाब का है। मामले में पुलिस ने धारा &02 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। द्वारकापुरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुनील पुत्र चिराग सिंह निवासी आकाश नगर का गुरुवार शाम कुछ युवकों से विवाद हुआ था।



इसके बाद से सुनील लापता था। अलसुबह लोगों को जानकारी लगी कि सुनील का शव तालाब में पड़ा है। वहीं तालाब के पास पत्थर और उसका सिर पर बांधने वाला गमछा भी पड़ा है। सूचना के बाद द्वारकापुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब के बाहर निकाला गया और पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस को मौके पर खून और अन्य संदिग्ध चीजें भी मिली हैं। पुलिस ने इस मामले में कुछ युवकों को हिरासत में भी लिया है। सुनील ताला चाबी बनाने का काम करता है। उसके परिवार में तीन भाई हैं वहीं पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक जहां सुनील के साथ मारपीट हुई है। वहां काफी खून और घसीटने के निशान भी पुलिस को मिले हैं। उसके साथ विवाद करने वाले युवक को हिरासत में लिया गया है।

### पत्थर से सिर पर किया हमला

द्वारकापुरी थाना प्रभारी मालवीय ने बताया कि मृतक सुनील के सिर पर बदमाशों ने पत्थर से कई वार किए जिसके चलते उसकी मौत हुई है। उसके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। फिलहाल धारा &02 का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और जिन पर परिजनों ने आरोप लगाया है उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# एरोड्रम इलाके में दो महिलाओं के साथ बदमाशों ने की लूट

## ◆ सोने की चेन और मंगलसूत्र ले उड़े, घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में रहने वाली दो महिलाओं के साथ लूट की वारदात हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामले में लूट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पंप के पास लगे कैमरों में भी आरोपी कैद हुए हैं। उनकी तलाश की जा रही है।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक उषा जैन (57) निवासी अंजनी नगर की शिकायत पर बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक वह सांवरिया कलेक्शन के सामने 60 फीट रोड़ से जा रही थी। इसी दौरान बदमाश पीछे से आए और गले पर झपट्टा मारा। इस दौरान एक बदमाश ने गले से सोने की चेन और आर्टिफिशियल मंगल सूत्र लूट लिया और फरार हो गए। दूसरी वारदात में अंकिता अग्रवाल निवासी सुखेदव विहार ने शिकायत की है कि वह शुक्ला पेट्रोल पंप के पास से पैदल जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन और उसमें लगा पैडल लूट लिया। आरोपी यहां से सुपर कॉरिडोर की तरफ भाग गए। पुलिस ने दोनों मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# नाबालिग ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिया इलाके में रहने वाली एक 14 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर जान दे दी। दोपहर में उसकी बड़ी बहन ने उसे देखा तो चाचा को सूचना की। ब'ची के परिवार के लोगों ने मामले में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद शव को एमवाय भेजा गया है। लसूडिय़ा पुलिस के एसआई बाबूलाल कुमरावत के मुताबिक घटना अंकुर आंगन निपानिया इलाके की है। यहां रहने वाली वैशाली (14) पुत्री दिनेश घुमारे ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि वैशाली की बड़ी बहन सोनाली जब किचन में पहुंची तो वहां वैशाली फंदे से लटकी हुई थी। इस दौरान सोनाली कमरे से बाहर आई और सामने रहने वाले अपने चाचा उमेश को जानकारी दी। बाद में लसूडिय़ा पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस के मुताबिक वैशाली के पिता मजदूरी करते हैं।

### एक और नाबालिक ने दी जान

इसी इलाके में रहने वाली एक अन्य नाबालिक रोशनी निवासी बजरंग नगर कांकड ने भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस को शुक्रवार शाम करीब 5 बजे सूचना मिली। परिवार के लोगो ने बताया कि मां ने उसे किसी बात को लेकर डॉट दिया। जिसके बाद उसे दो थप्पड़ भी मार दिए। इसी बात से दुखी होकर उसने यह कदम उठा लिया। लसूडिय़ा पुलिस मौके पर पहुंची है। यहां पंचनामा बनाकर मामले में जांच की जा रही है।

# मां-बेटी पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आजाद नगर इलाके में बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी परिवार ने मां बेटी पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना कोहिनूर कालोनी में हुई। फरियादी तरन्नुम की रिपोर्ट पर आरोपी दानिश और आजम पर केस दर्ज किया गया। पुलिस को फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने विवाद किया और पाइप व लात घूसों से हमला कर दिया। हमले में उसे और मां शहजाद बी को भी चोट आई।

# दो पक्षों में मारपीट, कारें फोड़ी

**इंदौर**। चंदननगर इलाके में आपसी विवाद के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कारने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। हमले में दोनों पक्ष को चोट आई। इस दौरान दो कारों के कांच भी फोड़ दिए गए। थाना चंदननगर पुलिस के मुताबिक फरियादी शबाना मंसूरी की रिपोर्ट पर आरोपी अजीज,हफीज, रफीक,जिशान, मोहसिन और जावेद पर केस दर्ज किया गया। हमले में घायल का नाम शाहिद(22) व अन्य है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने थाने में पुरानी रिपोर्ट को लेकर विवाद किया और मार पीटकर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान जो कारों के कांच भी फोड़ दिए। दूसरे पक्ष से पुलिस ने फरियादी समा बी पति अब्दुल रफीक निवासी आम वाला रोड की रिपोर्ट पर आरोपी जाकिर,स'ाद, भैयू,सलीम ठेकेदार और अप्पू बी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। हमले में घायल का नाम हिना(28) व अन्य हैं।

# मोबाइल लूटने वाले बदमाशों को इंजीनियर ने दोस्त की मदद से पकड़ा

## बदमाशों ने क्षेत्र में कई जगह लूट की वारदात को करना किया स्वीकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिय़ा इलाके में दो आरोपियों ने चाकू दिखाकर एक इंजीनियर का मोबाइल लूट लिया। करीब तीन घंटे से 'यादा घूमने के बाद इंजीनियर ने अपने दोस्त और रिश्तेदार को साथ लेकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। दोनों ने वीडियो पर अपनी चोरी करना कबूल की है। वहीं बताया कि वह इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं।

लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक घटना स्कीम 78 की है। इंजीनियर सचिन पुत्र केदारसिंह राजपूत निवासी राजीव आवास विहार ने बताया कि वह अपनी साईकिल से काम के लिये निकला। इस दौरान उसे रास्ते में दो लडक़ों ने रोका। एक ने उसे चाकू दिखाया वहीं दूसरे ने थप्पड़ मारा। मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से भाग गए। सचिन ने दोनों का पीछा किया। लेकिन वे हाथ नहीं आए। हालांकि सचिन ने दोनों के चेहरे अ'छे से देख लिये थे। सचिन इसके बाद अपने दोस्त गौरव के पास पहुंचा। उसे पूरी बात बताई। दोनों दोस्त पैदल-पैदल इलाके में बदमाशों को ढूंढने निकले। उन्होंने आरोपियों के भागने वाली जगह पर एक आटा चक्की वाले को घटना बताई तो उन्होंने नजदीक के गणेश पंडाल से भी मोबाइल चोरी होने की बात कही। वहीं कुछ संदिग्ध के फोटो दिखाए। सचिन ने एक आरोपी को पहचान लिया। बाद में अपने रिश्तेदार मानसिंह राजपूत को साथ लेकर इलाके में लूट करने वाले आरोपियों की तलाश की। जिसमें दोनों नाबालिग आरोपी मैदान में मिल गए। दोनों को पकड़ा तो उन्होंने लूट करना स्वीकार कर लिया। सचिन और मानसिंह ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। नाबालिग ने बताया कि आरोपी कुणाल, नितिन खलीफा, बादल, रूपेश चीरा और अनीस अमन चिराग शिबू के नाम बताए। उन्होंने 1&6, न्यायनगर से लूट करने की बात कबूली वहीं बताया कि उन्होंने कई चोरी की वारदातें भी की। आरोपी ने बताया कि उन्होंने लोहामंडी सहित कई कबाडिय़ों को सामान भी बेचा है। पुलिस के मुताबिक अब मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नाबालिग को कार के गेट पर लटकाकर गाड़ी दौड़ाने वाले आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बदमाशों ने एक नाबालिग को स्कॉर्पियो के गेट से लटकाकर 100 की स्पीड में गाड़ी दौड़ा दी। नाबालिग चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन बदमाशों ने गाड़ी नहीं रोकी। करीब तीन किलोमीटर बाद उसे छोड़ा। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिर तार कर लिया है।

घटना स्कीम नंबर 78 में वृंदावन होटल के पास की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी नाबालिग की महिला मित्र को कट मारकर निकले थे। वह उन्हें समझाने गया था। इसी से नाराज होकर आरोपियों ने इस हरकत को अंजाम दिया। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर स्कॉर्पियो (एमपी 17 सीबी 658&) में बैठे सारस्वत शुक्ला, अमन द्विवेदी और आर्यन पाल के खिलाफ केस दर्ज किया थौ। सारस्वत लॉ और अमन बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। दोनों सतना के रहने वाले हैं और एक ही कॉलेज में पढ़ते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा &08, 294 और &4 के तहत केस दर्ज किया है। नाबालिग ने पुलिस को बताया- मैं स्कीम 78 के एक रेस्टोरेंट में काम करता हूं। ड्यूटी खत्म कर घर जा रहा था। तभी मेरे दोस्त कुलदीप का फोन आया। उसने बताया कि उसके दोस्तों को स्कॉर्पियो में बैठे तीन लडक़े दो बार तेजी से कट मारकर निकले हैं। मैं अपने मित्र अभय ठाकुर के साथ उसकी कार में कुलदीप के पास पहुंचा। कुलदीप को लेकर हम सिका स्कूल के पास पहुंचे तो चौराहे पर स्कॉर्पियो मिल गई। उसमें तीन युवक सवार थे। हमने बात शुरू की तो उन्होंने अपने नाम सारस्वत शुक्ला, अमन द्विवेदी और आर्यन पाल बताए। गाड़ी का कांच खुला था, इसलिए मैं दाहिना हाथ टिकाकर खड़ा हो गया। बात चल ही रही थी कि उन्होंने गालियां देकर अचानक गाड़ी का कांच चढ़ा दिया, जिससे मेरा हाथ फंस गया। उसके बाद तेज स्पीड में गाड़ी दौड़ा दी। हाथ फंसने से मैं स्कॉर्पियो के गेट से लटक गया इस मामले में विजयनगर एसीपी शिवपाल सिंह कुशवाह ने बताया कि स्कार्पियों दौड़ाने वाले तीनों आरोपियों को गिर तार कर लिया गया है। इस मामले में तीनो से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले में जांच जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।